# नेपोटिजम पर बोलीं आलिया भट्ट मैं सॉरी नहीं बोल सकती



आलिया भट्ट बॉलिवुड की सबसे टैलंटेड और हाइएस्ट पेड ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनके अभिनय की काबिलियत को देखते हुए ऐक्टर्स से लेकर फिल्ममेकर्स तक उनके साथ काम करने को बेकरार रहते हैं। यही वजह है कि आलिया के पास फिल्म ऑफर्स की भरमार है। इस सब के बावजूद आलिया का नाम बार-बार नेपोटिजम से जुड़ता रहता है। स्टारकिड होने के कारण उन पर इंडस्ट्री में फेवर मिलने और आसान जर्नी को लेकर तंज कसे जाते हैं। अब इस पर आलिया ने रिऐक्शन दिया है। हाल ही में एक इवेंट के दौरान मीडिया ने आलिया से जब नेपोटिजम पर सवाल किया तो उन्होंने बड़े ही फँक अंदाज में इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐक्टिंग से प्यार है और अगर अभिनय करने का अवसर उन्हें नहीं मिलता तो शायद वह बहुत बुरा महसूस करतीं। आलिया ने आगे कहा कि यह बहुत ही आम है कि आप ऐसे शख्स को देखकर बुरा फील करें जिसे अपने फैमिली बैकग्राउंड के कारण अवसर मिलते हों, लेकिन इसका कुछ नहीं किया जा सकता। हालांकि, आप इंडस्ट्री में कितना टिक पाते हैं यह आपके लक से ज्यादा काबिलियत पर निर्भर करता है। आलिया ने कहा कि, फिल्म इंडस्ट्री में आप टिक पाएंगे या नहीं यह ऑडियंस तय करती है। ऐसे में अगर कोई शख्स लगातार सफल काम कर रहा है तो यह सिर्फ उसके लक के कारण नहीं है बल्कि यह उसकी मेहनत का नतीजा है। आलिया ने आगे कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि एक दिन आप उठें और सॉरी बोलें क्योंकि आपका जन्म पहुंच वाले परिवार में हुआ है। इसकी जगह आप यह जरूर कह सकते हैं कि मैं और मेहनत करूंगा ताकि खुद को साबित कर सकूं। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया जल्द ही फिल्म कलंक में नजर आने वाली हैं, जिसमें उनके साथ वरुण धवन, आदित्य रॉय कपूर, माधुरी दीक्षित और संजय दत्त भी हैं। इसके साथ ही वह अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में भी नजर आएंगी जिसमें रणबीर कपूर लीड रोल में हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



## फोटोज से हॉटनेस लेवल हाई कर रही हैं नेहा पेंडसे

ऐक्ट्रेस नेहा पेंडसे पिछले दिनों बिग बॉस 12' के घर में नजर आई थीं। कभी टीवी की कर्वी हीरोइनों में गिनी जाने वाली ऐक्ट्रेस नेहा पेंडसे इन दिनों काफी फिट हो गई हैं और अक्सर अपनी बेहतरीन तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। नेहा ने हाल ही में अपनी कुछ गॉरजस तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिन्हें देखकर उनके फेंस के दिलों की धड़कन बढ़ने वाली हैं।

नेहा ९० के दशक में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करना शुरू किया था। महज १० साल की उम्र में ही वह कैप्टन हाउस में दिखाई दी थीं। पड़ोस, हसरतें और खुशी जैसी टीवी सीरियल्स में भी वह बाल कलाकर के तौर पर नजर आई थीं। नेहा पेंडसे ने मराठी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और हिंदी फिल्मों में काम किया है। फिल्मों के अलावा नेहा ने कई पॉप्युलर टीवी सीरियल्स और विज्ञापनों में भी काम किया है।

## सुपरमैन वाले अंदाज़ में दिखे जंगली स्टार विद्युत जामवाल

बॉलिवुड ऐक्टर विद्युत जामवाल की अगली फिल्म जंगली को इस महीने 29 मार्च को रिलीज़ हो रही है। रिलीज़ से पहले ऐक्शन स्टार विद्युत जामवाल इस फिल्म की दोनों ऐक्ट्रेसेस पूजा सावंत और आशा भट्ट के साथ अपनी फिल्म जंगली का प्रमोशन करते नजर आए। विद्युत जहां किसी सुपरमैन की तरह दिख रहे थे वहीं ऐक्ट्रेसेस काफी ग्लैमरस दिख रही थीं। बता दें कि इस फिल्म में एक बार फिर विद्युत का ऐक्शन पैक्ड अवतार देखने को मिलने वाला है यानी विद्युत जामवाल के रूप में बच्चों को इंडियन टार्जन देखने को मिलेगा।

फिल्म के लीड स्टार्स काफी ग्लैमरस लुक में दिखे। इस मौके पर विद्युत जामवाल के साथ दोनों लीड ऐक्ट्रेस पूजा सावंत और आशा भट्ट भी नजर आईं। बता दें कि इस फिल्म से पूजा और आशा दोनों बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। आशा पहली भारतीय मॉडल हैं जो मिस सुपरनैचरल २०14 का खिताब जीत चुकी हैं। इस फिल्म में पूजा शंकरा के किरदार में नजर आएंगी।

हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ किया गया, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं और अब उन्हें फिल्म रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार है। पहले यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज़ होनेवाली थी, लेकिन अब इसे एक सप्ताह पहले 29 मार्च को रिलीज़ की जा रही है।

फिल्म हाथी (भोला) और इंसान (राज- विद्युत) के बीच की दोस्ती और फिर लालची शिकारियों से जंगल के जानवरों को बचाने की कहानी के बीच उलझी है, जो दर्शकों के इमोशंस को छूने का दम रखती है। इतना ही नहीं, इस फिल्म में प्राचीन मार्शल आर्ट की तकनीक कलारिपयट्टु और एनिमल मूवमेंट का खास मिक्सचर दिखेगा। बड़े पर्दे पर करीब ४० साल बाद असली हाथी देखे जा सकेंगे। फुल ऐक्शन से भरपूर यह फिल्म जंगली जानवरों से इंसान की दोस्ती की मिसाल दिखाने जा रही है।

## बैकलेस चोली और मिरर वर्क वाले लहंगे में बिजली गिरा रहीं जान्हवी कपूर

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जान्हवी कपूर की ट्रडिशनल लुक वाली तस्वीरें सोशल मीडिया पर फिलहाल काफी चर्चा में हैं। इन तस्वीरों में जान्हवी ऑफ वाइट लहंगे में कमाल की दिख रही हैं। जान्हवी ने अपनी ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वह लहंगे में काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। हालांकि, जान्हवी इंडियन और वेस्टर्न दोनों ही कपड़ों में कमाल की दिखती हैं। पिछले दिनों मुकेश अंबानी के बेटे आकाश अंबानी और श्लोका मेहता की शादी में बॉलिवुड के तमाम सितारे शामिल हुए, जिसमें जान्हवी भी शामिल थीं। जाह्नवी इस भव्य शादी में ऑफ वाइट और ग्रीन मिरर वर्क वाले लहंगे में पहुंची थीं। जान्हवी इस ड्रेस में काफी ग्लैमरस नजर आ रही थीं और उनकी लुक श्रीदेवी की याद दिला रहा था।

## फिगर पर कॉमेंट करने वाले ट्रोल की करीना कपूर ने की बोलती बंद



करीना कपूर खान ने प्रेग्नेंसी के बाद जिस तरह से वेट लॉस किया उसे लेकर कुछ लोग उनकी तारीफ करते हैं तो कुछ आलोचना। सोशल मीडिया पर भी उन्हें उनके स्लिम फिगर के कारण कई बार ट्रोल किया जाता है। हालांकि इस बार उन्होंने एक ट्रोल को करारा जवाब देते हुए उसकी बोलती बंद कर दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीना कपूर हाल ही में एक चैट शो का हिस्सा बनी थीं, जहां उन्हें उनके फोटो पर हुए एक कॉमेंट को पढ़कर सुनाया गया। ट्रोल ने लिखा था कि करीना कपूर का जीरो फिगर नहीं बल्कि माइनस फिगर है। अगली बार वह गायब हो जाएंगी और हम उन्हें सिर्फ सुन पाएंगे। इस पर हंसते हुए करीना ने बिंदास अंदाज में कहा, मुझे नहीं लगता। मैं तो अब काफी हरी भरी हूं। अब मेरा फिगर ठीक है यह जीरो या माइनस फिगर नहीं है। आप कभी भी ज्यादा पतले या ज्यादा अमीर नहीं होते। बेबी होने के बाद मैंने प्रेग्नेंसी के दौरान बढ़े 23 किलो के वजन को कम करने के लिए काफी मेहनत की है। वेट घटाने के लिए मुझे एक साल का वक्त लगा है। वैसे जिम में अपने फिगर को मेनटेन करने के लिए वर्कआउट करने के अलावा करीना कपूर इन दिनों फिल्म गुड न्यूज की शूटिंग में बिजी हैं, जिसमें उनके साथ दिलजीत दोसांझ और अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसके साथ ही उनके पास करण जौहर की फिल्म तख्त भी है।